राज्य शहरी आजीविका मिशन, (एस0यू0एल0एम0) उ0प्र0
(राज्य नगरीय विकास अभिकरण,– सूडा उ.प्र.)
प्रथम तल,पर्यटन भवन,विपिन खण्ड,गोमती नगर, लखनऊ 226010
दूरभाष एवं फैक्सः 0522–2307798 e-mail:nulmup@gmail.com website:www.sudaup.org

पत्रांकः– 418 /241/NULM/तीन/2001 दिनांक 6/7/ 2017

सेवा में,

जिलाधिकारी/अध्यक्ष
जिला नगरीय विकास अभिकरण, उ0प्र0।
जनपद– आगरा, अलीगढ, मेरठ, गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, कानपुरनगर, झांसी, इलाहाबाद, लखनऊ, गोरखपुर, वाराणसी, सहारनपुर, फिरोजाबाद, शाहजहॉपुर एवं गौतमबुद्ध नगर उ0प्र0।

विषयः राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत Urban Health Kiosk हेतु स्थान उपलब्ध कराने के सम्बंध में।

महोदय,

अवगत कराना है कि राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत दिनांक 16.06.2017 को राज्य स्तर पर आयोजित समन्वय बैठक में शहरी स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस के आयोजन हेतु मलिन बस्तियों में 75 Urban Health Kiosk स्थापित किये जाने पर चर्चा की गयी। इन Urban Health Kiosk की स्थापना आगरा, अलीगढ, मेरठ, गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, कानपुर नगर, झांसी, इलाहाबाद, लखनऊ, गोरखपुर, वाराणसी, सहारनपुर, फिरोजाबाद, शाहजहॉपुर एवं गौतमबुद्ध नगर में किया जाना है।

इस सम्बंध में राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन द्वारा Prefabricated Material से तैयार किये जाने वाले Urban Health Kiosk हेतु मलिन बस्ती में 15'X12' का निःशुल्क स्थान तथा अन्य हेतु डूडा के कम्युनिटी सेंटर तथा अन्य भवनों में Urban Health Kiosk हेतु निःशुल्क स्थान उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया है, जहॉ एन0एन0एम0 बैठकर जनसामान्य को स्वास्थ्य सुविधाए उपलब्ध करा सके।

उक्त के क्रम में आपसे अनुरोध है कि आप अपने शहर के मलिन बस्ती में 15'X12' का उपलब्ध स्थान तथा डूडा के कम्युनिटी सेंटर तथा अन्य भवनों की सूचना राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के जिले स्तर के कार्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें ताकि मलिन बस्तियों में रहने वाले शहरी गरीब परिवारों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो सकें। साथ ही राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन के जिले स्तर के नोडल अधिकारियों के साथ समन्वयन कर शहरों में दीनदयाल अन्त्योदय योजना–राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के अन्तर्गत गठित ए0एल0एफ0 एवं एस0एच0जी0 को राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत गठित/गठन होने वाली महिला अरोग्य समिति (एम0ए0एस0) में नामित करने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित भी करने का कष्ट करे।

भवदीय

(शैलेन्द्र कुमार सिंह)
मिशन निदेशक

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. प्रमुख सचिव, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम विभाग, उ0प्र0 शासन।
2. मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0।
3. परियोजना निदेशक/सिटी प्रोजेक्ट आफिसर, डूडा/शहर मिशन प्रबंधन इकाई।
4. महाप्रबन्धक, राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन, लखनऊ।
5. परियोजना अधिकारी, जिला नगरीय विकास अभिकरण, उ0प्र0।
6. शहर मिशन प्रबंधक, शहर मिशन प्रबंधन इकाई।
7. सहायक वेबमास्टर को सूडा की वेबसाइट पर अपलोड हेतु।

(शैलेन्द्र कुमार सिंह)
मिशन निदेशक